तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 एकता का संदेश देने के लिए उद्देशिका का कराया गया सामूहिक वाचन




12 सवित्रीपुर विद्यालय में मनाया गया प्रेरक संविधान दिवस



## 21 से दसवीं और 20 फरवरी से होगी 12वीं की परीक्षा

# इस बार 10 दिन पहले शुरू हो जाएगी बोर्ड परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इस वर्ष छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं गत वर्षों से 10 दिन पहले ही शुरू हो जाएगी। जिसके लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार 10 वीं की परीक्षा 21 फरवरी से और 12 वीं की 20 फरवरी से शुरू हो रही है। जिसमें जिले के लगभग 23 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

जारी समय सारिणी के अनुसार, 10वीं बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से हिंदी विषय के साथ शुरू होगी। 24 फरवरी को अंग्रेजी, 26 फरवरी को सामाजिक विज्ञान, 28 फरवरी को विज्ञान, 6 मार्च को गणित और 9 मार्च को तृतीय भाषा (संस्कृत, मराठी, उर्दू) की परीक्षा होगी। 12वीं बोर्ड की परीक्षा भी 20 फरवरी से शुरू होगी। पहले दिन हिंदी, 24 को अंग्रेजी, 26 को सामाजिक विज्ञान, 6 मार्च को गणित और 9 मार्च को संस्कृत, मराठी, उर्दू, पंजाबी, तेलगू, तमिल, मलयालम जैसे विषयों की परीक्षा होगी। 11 मार्च को व्यावसायिक पाठ्यक्रम और 13 मार्च को अंतिम विषयों के साथ परीक्षा का समापन होगा। सभी परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक चलेंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल, छत्तीसगढ़ ने इस वर्ष सीबीएसई पैटर्न का अनुसरण करते हुए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की समय सारिणी एक महीने पहले ही जारी कर दी है। वहीं गत वर्षों में अमूमन उक्त परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होती थी जो अब 10 दिन पहले ही शुरू हो रही है।




### 1778 परीक्षार्थी अधिक

शिक्षा विभाग के अनुसार इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में कुल 23425 (नियमित) विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। जिसमें 10वीं के 12855 व 12वीं के 10570 शामिल हैं। जबकि पिछले साल परीक्षा में 21674 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 10वीं में 12515 एवं 12वीं में 9132 शामिल हुए थे। इस बार गत वर्ष की अपेक्षा 1778 परीक्षार्थी अधिक होंगे। इनमें 10 वीं में 340 और 12 वीं में 1438 अधिक छात्र-छात्राएं हैं।

### 10 वीं में गणित के लिए 5 और 12 वीं में 2 दिन का गेप

बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी होने के बाद से ही विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई है। खासकर 12 वीं के गणित और जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थी परेशान हैं। उनका कहना है कि जीव विज्ञान की अंतिम तैयारी के लिए मात्र एक दिन का गेप है इतने कम समय में पूरे विषय का रीविजन मुश्किल होता है। इसी प्रकार गणित विषय के विद्यार्थी मात्र दो दिन गेप को लेकर चिंतित हैं। इधर, 10वीं के विद्यार्थी गणित विषय में पांच दिन गेप को लेकर खुश हैं पर विज्ञान विषय में एक दिन गेप को लेकर चिंतित हैं। इस बार दोनों ही कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में अधिकांश विषयों में एक या फिर दो दिन का ही अंतराल मिला है। इसके अलावा 1 जनवरी से 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं और प्रोजेक्ट वर्क भी शुरू हो जाएंगे। इस वर्ष से गणित विषय में भी 20 अंकों का प्रोजेक्ट वर्क शामिल किया गया है, जिसके लिए विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय देना होगा। प्री-बोर्ड, प्रैक्टिकल और मुख्य परीक्षा की समय-सीमा एक साथ आने से विद्यार्थियों पर भार दोगुना हो गया है।

## खबर संक्षेप



### पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए दिव्यानी का चयन

**महासमुंद।** एनएसएस पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा व स्वयंसेवक दिव्यानी सोनवानी चयनित हुई। यह शिविर आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्य प्रदेश में आयोजित हुआ था। इस परेड के लिए चयनित होने और उसमें सहभागिता के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शील भद्र कुमार ने स्वयंसेवक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा को उनके मार्गदर्शन तथा स्वयं सेवक को महाविद्यालय का नाम रोशन करने पर हर्ष जताया। साथ ही महाविद्यालय परिवार डॉ. स्वेतलाना नागल, ओमप्रकाश पटेल, डॉ. मनोज शर्मा, अरविंद साहू, ओंकार साहू, जगदीश खटकर, खगेश्वर नवरगे, कविता गहिर, वंदना यादव एवं समस्त महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी शिक्षक एवं स्टाफ ने हर्ष जताया।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिंधनखोल में शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बिंधनखोल का निवास नंद अपने घर के आंगन में लोगों को शराब पीने-पिलाने का साधन उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त व्यक्ति से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम पता निवास नंद पिता बाबूलाल नंद (27 साल) निवासी ग्राम बिंधनखोल होना बताया। आरोपी के विरूद्ध धारा 36सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा 29 नवंबर को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी प्रथम सेमेस्टर नियमित, प्राइवेट, बैकलॉग/एटीकेटी छात्र-छात्राओं का डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स (डीएससी), जेनेरिक इलेक्टिव (जीई) एलिमेंट्री बॉटनी वनस्पति शास्त्र विषय की प्रायोगिक परीक्षा 29 नवंबर को प्रातः 9 बजे से आयोजित है। समस्त छात्र-छात्राओं को आवश्यक प्रयोग फाइल एवं डिसेक्शन बॉक्स के साथ आधे घंटे पूर्व उपस्थित होने कहा गया है।

### जांच चौकी टेमरी का कर्मचारी निलंबित

**महासमुंद।** धान खरीदी प्रक्रिया में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के क्रम में टेमरी अंतर्राज्यीय जांच चौकी वन विभाग में पदस्थ कर्मचारी साजिद मोहम्मद को लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर कलेक्टर विनय लंगेह ने निलंबित कर दिया है एवं विभागीय जांच हेतु संस्थित किया है। एस्मा के तहत यह कार्रवाई की गई है। अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार, जांच चौकी में स्थापित वाहन पंजी में आयातित वाहनों की प्रविष्टियां अव्यवस्थित पाई गईं। पंजी में वाहनों के संबंध में बिल/बीजक, मोबाइल नंबर तथा अन्य आवश्यक विवरण दर्ज नहीं किए गए थे। इस संबंध में दिए गए कारण बताओ नोटिस पर कर्मचारी साजिद मोहम्मद द्वारा प्रस्तुत जवाब भी अस्पष्ट व असंतोष-जनक पाया गया। साथ ही संबंधित कर्मचारी ने धान के अवैध परिवहन को रोकने हेतु कलेक्टर (खाद्य शाखा) द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं किया। यह स्पष्ट हुआ कि कर्मचारी अपने कर्तव्य एवं दायित्वों के प्रति लापरवाह तथा अनुशासनहीन है। साजिद मोहम्मद द्वारा एस्मा अधिनियम का भी उल्लंघन पाया गया।

## कार्रवाई: राजस्व, वन, मंडी व पुलिस प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई

# अलग-अलग प्रकरणों में 1555 कट्टा अवैध धान व 315 क्विंटल चावल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व, वन, मंडी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा 1555 कट्टा अवैध धान और 315 क्विंटल चावल जब्त कर संबंधित थानों एवं संस्थानों को सुपुर्द किया है।

बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत मंगलवार को टेमरी अंतरराज्यीय जांच चौकी में जांच के दौरान कुल 315 क्विंटल चावल बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन करते हुए पाया गया। वन विभाग एवं जांच चौकी कर्मियों द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए इसे थाना बागबाहरा को सुपुर्द किया गया। इसी तरह ग्राम बागबाहरा कला में संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 150 कट्टा धान जब्त किया गया। धान को नियम अनुसार मंडी/थाना के सुपुर्द किया गया है और संबंधित व्यक्तियों पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह विकासखंड सरायपाली के ग्राम मलदामाल में टीम ने छापेमारी के दौरान 365 कट्टा अवैध धान ग्राम चारभाठा में संतोष गुप्ता के गोदाम से 105 कट्टा अवैध धान जब्त किया। इसी तरह ग्राम गुठानीपाली में संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 750 कट्टा अवैध धान बरामद किया गया। इस दौरान टीम ने मुकेश प्रधान के फार्म हाउस में लगभग 400 कट्टा अवैध धान तथा उसी परिसर में स्थित शतकुमार प्रधान के हिस्से का लगभग 350 कट्टा अवैध धान खुले में संग्रहित पाया। मौके पर तत्काल पंचनामा तैयार कर समस्त धान को जब्त किया गया। जब्त किए गए सभी धान को मौके से उठाकर थाना सिंघोड़ा में विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत जमा कराया गया है। बताया गया कि धान बिना किसी वैध दस्तावेज के भंडारित रखा गया था। ग्राम पिपरौद में जांच के दौरान 100 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। संयुक्त टीम ने धान को जब्त कर मंडी प्रबंधन को सुपुर्द किया।



### संदिग्ध वाहनों एवं भंडारण स्थलों की नियमित जांच करने के निर्देश

इसी तरह तहसील पिथौरा अंतर्गत तहसीलदार एवं राजस्व टीम ने ग्राम श्रीरामपुर में अवैध धान भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम में श्यामलाल दीवान के घर की जांच की। जांच के दौरान टीम को उनके घर में 450 बोरी अवैध धान भंडारित मिला, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। राजस्व टीम द्वारा आवश्यक पंचनामा एवं दस्तावेजी कार्रवाई पूरी करने के बाद जब्त धान को नियम अनुसार सुरक्षित रखा गया। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध धान संग्रहण और परिवहन पर रोक लगाने सतत निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान अवैध धान और चावल के परिवहन, संग्रहण या बिक्री को रोकने सभी उपार्जन केंद्रों और अंतरराज्यीय जांच चौकियों को निर्देश दिए हैं कि संदिग्ध वाहनों एवं भंडारण स्थलों की नियमित जांच सुनिश्चित करें।

# आज आएंगे तोगड़िया, अगले माह पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ देंगे उद्बोधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नगर के बागबाहरा रोड स्थित शंकराचार्य भवन में होगा आगमन

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष, श्रीराम मंदिर आंदोलन के प्रणेता एवं हिंदू प्रथम के सिद्धांत पर अपना सारा जीवन समर्पित करने वाले डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का आगमन आज 27 नवंबर दिन गुरूवार को शाम 7 बजे शहर के बागबाहरा रोड स्थित शंकराचार्य भवन में होने जा रहा है।

प्रेस क्लब में आहूत प्रेसवार्ता के दौरान हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया हिंदुओं की एकजुटता के विषय पर मार्गदर्शन करते हुए सामाजिक समरसता एवं समसामयिक विषयों पर अपना उद्बोधन देंगें। कार्यक्रम में नगर के सभी समाज के प्रमुख, वरिष्ठजनों एवं नगरवासियों को आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में आगामी माह 16 दिसंबर को भारत के एक पत्रकार तथा प्रसिद्ध राष्ट्रवादी वक्ता, विचारक कार्यकर्ता और सार्वजनिक व्यक्तित्व है। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का कार्यक्रम एवं आम जनों से भेंट मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया है। 16 दिसंबर मंगलवार को स्थानीय शंकराचार्य भवन में वरिष्ठ एवं आम जनमानस को संबोधित करेंगे। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ के वक्तव्य श्रोताओं को भारत के इतिहास एवं राजनीति की वास्तविकताओं से अवगत कराने के साथ ही उनमें गहरे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं। पत्रकारवार्ता के दौरान भरत चंद्राकर, भरत साहू, देवेंद्र दुबे, बीएस चंद्राकर, चंद्रबदन मिश्रा मौजूद रहे।

## मां महालक्ष्मी पूजन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**महासमुंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बसना तहसील अंतर्गत ग्राम सलखण्ड के दौरे पर रहे। इस दौरान ग्राम वासियों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने यहां ग्रामीणों द्वारा आयोजित महालक्ष्मी देवी पूजन कार्यक्रम में पहुंचकर विधि-विधान से दर्शन किया तथा विशेष पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने मां लक्ष्मी से प्रार्थना करते हुए राज्य सहित क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पूजन कार्यक्रम के दौरान पुजारियों द्वारा पारंपरिक मंत्रोच्चार किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं और स्थानीय विकास कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्म पत्नी कौशल्या साय, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा व बसना विधायक सम्पत अग्रवाल स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# नगरीय क्षेत्र में 18 स्थानों पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित

## सहायता केंद्र प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में मतदाताओं को पेश आ रही समस्याओं के समाधान के लए मुख्यालय के नगरीय क्षेत्र में कुल 18 स्थानों पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरने और वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने आसानी से सहायता प्राप्त कर पाएंगे। सहायता केंद्र प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे, जहाँ मतदाता जाकर आवश्यक जानकारी और सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। सहायक मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में केंद्र क्रमांक 194, 195, 201, 202 के मतदाता सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह बृजराज प्राथमिक शाला भवन में केंद्र क्रमांक 164, 165, 166, 174, आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में केंद्र क्रमांक 176, 177, 178, 172, 175, प्राथमिक शाला भवन कुम्हार पारा में केंद्र 204, 205, 206, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में केंद्र क्रमांक 109, 193, 196, कलाबाई प्राथमिक शाला शंकर नगर में केंद्र क्रमांक 167, 168, 169, प्राथमिक शाला पिटियाझर में केंद्र क्रमांक 208, 209 के मतदाता सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इसी तरह वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में केंद्र क्रमांक 199, 203, राम पाठशाला में 197, 198, दलदली रोड शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में केंद्र क्रमांक 188, 200, नयापारा प्राथमिक शाला भवन में केंद्र क्रमांक 183, 184, डॉ. अंबेडकर पूर्व माध्यमिक शाला में केंद्र क्रमांक 181, 182, 189, 179, 180, 185 के मतदाता जानकारी ले पाएंगे। इसके अतिरिक्त ईमली भाठा प्राथमिक शाला में केंद्र क्रमांक 170, 171, महाप्रभु वल्लभाचार्य वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केंद्र क्रमांक 207, मौहारीभांठा प्राथमिक शाला में केंद्र क्रमांक 192, प्राथमिक शाला गुडरूपारा पूर्व भाग में केंद्र क्रमांक 191, प्राथमिक वन उपज केंद्र दलदली रोड में केंद्र 2187, 186 तथा शासकीय प्राथमिक शाला अभ्यास भवन में केंद्र क्रमांक 173 के मतदाता सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय में निकटतम सहायता केंद्र पहुंचकर अपना गणना प्रपत्र अवश्य भरें और मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि करें।

## बालक टीम ने फाइनल मैच में बलौदा बाजार हराकर विजेता बने

# बाल बैडमिंटन में बालक-बालिका टीम बनीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बॉलबैडमिंटन संघ एवं जिला बॉलबैडमिंटन संघ बलौदाबाजार के तत्वावधान में 25वीं राज्य स्तरीय जूनियर बॉलबैडमिंटन प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका) का आयोजन दशहरा मैदान, पलारी, बलौदाबाजार में 21 से 23 नवंबर 2025 तक आयोजित किया गया, इस प्रतियोगिता के माध्यम से छत्तीसगढ़ जूनियर टीम का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 70 वीं जूनियर राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता तमिलनाडु में 16 से 20 जनवरी 2026 तक प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य बाल बैडमिंटन संघ सह-सचिव एवं इंटरनेशनल निर्णायक अंकित लूनिया ने बताया कि महासमुंद जिले की जूनियर टीम में 10 बालक एवं 10 बालिका सहित कोच मैनेजर शामिल हुए। जिले के खिलाड़ी ओम प्रकाश, हिमांशु, राहुल कुर्रे, ढालेंद्र, जित्तू, वर्षा कोसरे, दामिनी कहार, दामिनी वर्मा, सविता जोशी, गीतांजलि, हिना, रुक्मणी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी करते आ रहे है, जिले की टीम काफी अच्छी थी जो मैच में टीम ने अच्छा प्रर्दशन कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया।



जिले की बालक टीम में ओम प्रकाश ध्रुव, हिमांशु तिवारी, राहुल कुर्रे, डोमेश साहू, ढालेंद्र यादव, मुकेश निषाद, जित्तू ध्रुव, शुभम मानिकपुरी, भुवनेश्वर चंद्राकर, पुष्कर साहू, बालिका टीम में वर्षा कोसरे, दामिनी कहार, दामिनी वर्मा, सविता जोशी, गीतांजलि साहू, हिना चक्रधारी, रुक्मणि साहू, योगिता ध्रुव, महेश्वरी, वीना, माही चंद्राकर शामिल हुए। बालिका टीम ने बलौदा बाजार, रायपुर एवं बेमेतरा जिले को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें रायगढ़ की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में धमतरी को हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। बालिका टीम ने फाइनल मैच में बीएसपी को 35-25, 30-35, 35-28 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

जिले की बालक टीम ने गौरेला पेंड्रा मरवाही एवं कोरबा जिले को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें बिलासपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में बीएसपी को हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में बलौदा बाजार जिले को 36-38, 35-32, 35-30 अंकों से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

## भारत का संविधान हर नागरिक को देता है समान अधिकार: निखिलकांत



**महासमुंद।** संविधान दिवस पर नगर के आंबेडकर चौक स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किया। साहू ने डा. आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज का दिन हमें बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के महान योगदान की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने दूरदर्शी विचारों और अथक परिश्रम से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एक मजबूत, समावेशी और न्यायपूर्ण संविधान दिया। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने दलितों, शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका दिया हुआ संविधान आज भी हमें एकजुट रखता है, और हर नागरिक को समान अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारत गणराज्य का संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवंबर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद मुस्ताक खान, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद राहुल आवड़े, शाहबाज राजवानी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### चिरको में मनाया गया मितानिन दिवस

**झलप।** ग्राम पंचायत चिरको में मितानिन दिवस पर मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा दीवान, जनपद सदस्य रोशन पटेल, सरपंच खेमराज भट्ट, उपसरपंच दुष्यंत ध्रुव, ग्राम पंचायत सचिव चिंतामणि साहू, हेमलता साहू, हेमलता मोरे, संजू कुर्रे, गोमती ध्रुव, ललिता ध्रुव, पूर्णिमा सेन, देवमती यादव, घनश्याम यादव, बुद्धेश्वर पटेल, महिला स्व सहायता समूह की खेमिन साहू, हेमपुष्पा आदि मौजूद रहे।



### सीसी रोड निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम सोरिद में बुधवार को सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के युवा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में विधि विधान से हुआ। इसमें वार्ड क्रमांक 05 एवं 06 में 3.75 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 07 में 2.50 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 08 में 2.50 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 09 कमारडेरा में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड का निर्माण प्रस्तावित है।

# कोमाखान तहसीलदार की लापरवाही से हजारों किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- धान खरीदी के लिए पंजीयन नहीं होने पर भड़के किसान
- सूचना पाकर मौके पर पहुंचे खल्लारी विधायक, अफसरों से की चर्चा

कोमाखान तहसीलदार की लापरवाही से हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो सका है। लगातार दफ्तरों का चक्कर काटते किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और भड़क उठे। सूचना पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनीं और उचित कार्रवाई के लिए अधिकारियों से चर्चा की।

मिली जानकारी के अनुसार कोमाखान तहसील के अंतर्गत हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। पिछले पखवाड़ेभर से इसके लिए किसान चक्कर लगा रहे हैं। सोमवार को किसानों कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनका गुस्सा फूट पड़ा और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। सूचना पाकर तत्काल खल्लारी विधायक यादव तहसील कार्यालय पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनी। विधायक यादव को आक्रोशित किसानों ने बताया कि यहां पदस्थ तहसीलदार पिछले 15 दिनों से किसानी संबंधी कोई काम नहीं किए हैं। किसान कभी पटवारी तो कभी तहसीलदार का चक्कर लगा रहे हैं। एक किसान ऐसा भी है जिसका 22 हेक्टेयर में से मात्र तीन हेक्टेयर का पंजीयन हो सका है। पंजीयन नहीं होने के लिए तहसीलदार जिम्मेदार हैं। विधायक यादव ने मौके पर मौजूद तहसीलदार से चर्चा कर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। जिस पर तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि 25 नवंबर तक पंजीयन का काम पूरा कर लिया जाएगा।

### छग सरकार की नीयत किसानों के धान खरीदी की नहीं: यादव

विधायक यादव ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को



आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सरकार की नीयत किसानों की धान खरीदी की नहीं है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर से धान खरीदी का निर्णय होने के बाद भी अभी भी अव्यवस्था बनी हुई है। लापरवाही का असर किसानों पर पड़ रहा है। नतीजतन किसानों का गुस्सा फूट पड़ रहा है। पंजीयन नहीं होने की स्थिति कोमाखान तहसील के साथ ही बागबाहरा और पिथौरा तहसील की भी है। विधायक यादव ने सरकार जानबूझकर ऐसे साफ्टवेयर तैयार की है, जिससे किसानों को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि गिरदावरी के समय भी भारी त्रुटियां है जिसे सुधरवाने किसान परेशान हो रहे हैं। इससे सरकार की नीयत का पता चलता है।

### नमी मापक मशीन से लूटे जा रहे किसान

विधायक यादव को किसानों ने बताया कि नमी मापक मशीन से उन्हें लूटा जा रहा है। किसानों ने बताया कि नमी मापने की मशीनें हैं, सभी में अलग-अलग नमी की मात्रा आ रही है। पुराने धान में भी नमी बताई जा रही है। नमी के नाम पर किसानों से लूट की जा रही है। जिस पर विधायक यादव ने अधिकारियों से चर्चा कर उचित कार्रवाई करने की बात कही।

### कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कलेक्टर को पत्र लिखकर लापरवाही बरतने वाले तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने किसानों के हवाले से बताया कि तहसीलदार की लापरवाही से किसानों का पंजीयन नहीं हो सका है। ऐनवक्त पर तहसीलदार अवकाश पर चले गए। विधायक यादव ने कोमाखान में जितने भी आवेदन मिले उनकी नियत तिथि के बाद भी कार्रवाई नहीं होने की जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

## गड़बड़ी: सीईओ ने दिए कोर कटिंग परीक्षण और मूल्यांकन के बाद भुगतान के निर्देश

# सीसी रोड निर्माण में अनियमितता: 7 इंच की जगह सिर्फ 4 इंच मोटाई में ढलाई का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरकोनी के बाजार पारा में निर्माणाधीन सीसी रोड को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। लगभग 10 लाख रुपए की लागत से डीएमएफ फंड के माध्यम से स्वीकृत इस सड़क का निर्माण इस्टीमेट के विपरीत किए जाने की बात सामने आई है।

गौरतलब है कि स्वीकृत मानक के मुताबिक सड़क की मोटाई 7 इंच, लंबाई 309 मीटर और चौड़ाई 13 फीट 3 इंच निर्धारित है। लेकिन, मौके पर न तो मोटाई मानक के अनुरूप पाई गई और न ही चौड़ाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मात्र 4 इंच मोटाई में ढलाई कर कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।





**खास बातें**

- मौके पर सड़क की मोटाई और चौड़ाई अलग-अलग पाई गई है, मोटाई 4 इंच से 7 इंच तक है। वीडियोग्राफी भी हुई है। कोर कटिंग जांच के बाद ही मूल्यांकन कर भुगतान करने के निर्देश दिया हूँ।
- रोहिदास पारेश्वर, मुख्यकार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पिथौरा

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई और न ही पंचायत स्तर पर कोई बैठक आयोजित की गई। बिना किसी निगरानी और तकनीकी निरीक्षण के किए जा रहे इस निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार और लापरवाही का उदाहरण बताया है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में मानक से छेड़छाड़ करना जनता के पैसों की खुली बर्बादी है, जिसका खामियाजा आने वाले वर्षों में उन्हें भुगतना पड़ेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों में भी लगातार अनियमितताएं हो रही हैं। यदि प्रशासन समय रहते सख्त कदम नहीं उठाता, तो गैर-मानक निर्माण कार्यों का सिलसिला जारी रहने की आशंका है। ग्रामीणों ने कलेक्टर तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि सीसी रोड निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी ठेकेदार नियमों से खिलवाड़ न कर सके।

**शिकायत निराधार**

साढ़े 6 इंच तक मोटाई है, शिकायत निराधार है। मीडिया में अनावश्यक रूप से उछाला जा रहा है।
**- सरिता दीवान,** सरपंच ग्राम पंचायत भुरकोनी

# भंवरपुर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- सरायपाली विधायक चातुरी नंद की विशेष पहल पर वृद्धजन कल्याण एवं समाज सेवा संस्था द्वारा आयोजित की जा रही शिविर

सरायपाली विधायक चातुरी नंद के विशेष प्रयासों एवं मार्गदर्शन में नवा बिहान वृद्धजन कल्याण एवं समाज सेवा संस्था के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन 27 नवंबर 2025 गुरुवार को सुबह 10 बजे से पंचायत भवन भंवरपुर में किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद बुजुर्गों, कमजोर दृष्टि वाले व्यक्तियों तथा आर्थिक रूप से वंचित नागरिकों को नेत्र उपचार एवं चश्मा वितरण की निःशुल्क



सुविधा प्रदान करना है। विधायक चातुरी नंद ने इस आयोजन को सेवा और संवेदनशीलता का अभियान बताते हुए कहा कि हमर बुजुर्ग-हमर अभिमान। बुजुर्गों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी सेवा है। क्षेत्र के किसी भी वरिष्ठजन को आंखों की समस्या से जूझना न पड़े, यही इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य है।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया संविधान दिवस

**सरायपाली।** स्व मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संविधान दिवस मनाया गया। जहां खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक द्वारा सीएचसी स्टाफ को संविधान दिवस का शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि भारत एक प्रजातांत्रिक देश है और यहां का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, जिसे संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 ई को एतद द्वारा अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित किया गया था। 26 नवंबर 1950 को संविधान को भारत में लागू किया गया था। खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे ने बताया कि भारत में जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा चुनी गई सरकार द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर शासन चलाया जाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान का निर्माण किया गया है, जिसे बनाने में 2 साल 11 माह 18 दिन लगा था। हमें अपने संविधान में निहित सभी अधिनियम, मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य का पालन करना चाहिए, जिससे राष्ट्र की एकता और अखंडता बनी रहे।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 20 तक नामांकन

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 के राज्य वीरता पुरस्कार के लिए साहसी बालक-बालिकाओं से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने किसी विशेष घटना में अदम्य साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए किसी व्यक्ति की जीवन रक्षा की हो या उसकी शारीरिक क्षति से बचाने के उद्देश्य से निःस्वार्थ कार्य किया हो। ऐसे कार्य अन्य बच्चों के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी होने चाहिए।

# डोंगरीपाली में 1.39 करोड़ का घोटाला उजागर

## सचिव निलंबित पूर्व सरपंच पर धारा 92 के तहत वसूली प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीपाली में पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा के कार्यकाल में हुए 1, 39, 26, 093 रुपए के वित्तीय अनियमितता मामले में जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव हजारी लाल कैवर्त को निलंबित कर दिया है। साथ ही पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा एवं सचिव से छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत वसूली के लिए प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पिथौरा को भेजा गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के शिकायतकर्ता एमडी सागर द्वारा की गई शिकायत पर 3 बिंदुओं पर भौतिक सत्यापन कराया गया था। जांच टीम ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक के अभिलेखों की जांच की। जिसमें भारी गड़बड़ी पाई गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार बिना किसी प्रमाणक के करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया था।



ग्रामीण गंगाधर बरिहा, मुनुदाऊ सागर, खिरोद पटेल, अमितेष बरिहा, सीताराम साहू, सोनाराम पटेल, प्रदीप यदु, भुवनेश्वर मालिक ने बताया कि जिस साहू इंटरप्राइजेस नामक फर्म को भुगतान किया गया, वह पूरी तरह फर्जी फर्म है। यह फर्म कहीं भी संचालित नहीं होती। साथ ही इसका जीएसटी नंबर भी ब्लैकलिस्टेड पाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर कोई कार्य भी नहीं किया गया, फिर भी करोड़ों रुपये निकाल लिए गए। जांच के बाद भी सचिव हजारी लाल कैवर्त से जिला पंचायत द्वारा बार-बार प्रमाणक प्रस्तुत करने को कहा गया, परंतु उन्होंने कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। इसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

शिकायतकर्ता एमडी सागर ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद भी प्रशासन दोषियों पर कार्रवाई नहीं कर रहा था, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा था। ग्रामीणों ने 25 नवंबर को सीएम हाउस रायपुर घेराव की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने घेराव कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

**वित्तीय अनियमितता**

वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत प्रकरण दर्ज करने के लिए एसडीएम पिथौरा को सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ पत्र प्रेषित किया गया है।
**- रोहिदास पारेश्वर,** सीईओ जनपद पंचायत पिथौरा

# जनगणना का पूर्व परीक्षण, हुआ मकान सूचीकरण

**महासमुंद।** भारत की जनगणना 2027 के पूर्व परीक्षण का कार्य समापन पर है। इस कार्य का मैदानी स्तर पर अवलोकन कर आने वाली कठिनाईयों का चिन्हांकन एवं उनका निराकरण तथा सुपरवाइजरों व प्रगणकों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त गृह मंत्रालय भारत सरकार के कार्यालय से उपनिदेशक पंकज श्रीवास्तव अपनी टेक्निकल टीम के साथ झलप पहुंचे। उनकी उपास्थिति में कुछ घरों में मोबाइल एप द्वारा मकान सूचीकरण का कार्य किया गया। सुपरवाइजरों व प्रगणकों से आने वाली कठिनाइयों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व परीक्षण का कार्य के लिए जिले के महासमुंद तहसील के 24 गांवों का चयन किया गया है। महासमुंद तहसील के तहसीलदार जुगल किशोर पटेल को चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। चयनित गांवों में इस कार्य के लिए 39 ब्लॉक बनाए गए हैं। जिसके लिए कुल 07 पर्यवेक्षक व 39 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। जिसमें 01 पर्यवेक्षक व 04 प्रगणक आरक्षित रखे गए हैं। 10 नवंबर से आरंभ किये गए मकान सूचीकरण के इस कार्य का समापन 30 नवंबर को होना है। परंतु, अधिकांश गणना ब्लॉक में यह कार्य पूर्ण हो चुका है। जनगणना 2027, जनगणना के इतिहास में पहली डिजिटल जनगणना होगी, जो एंड्रायड के 11 और आईओएस 14 या उससे अधिक के स्मार्टफोन के अनुकूल होगा तथा कम से कम 6 जीबी रैम की आवश्यकता होगी। जिसमें दो मोबाईल एप का उपयोग किया जाएगा। मुख्य जनगणना कार्य के प्रथम चरण के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का पूर्व परीक्षण चयनित गांवों में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पर्यवेक्षकों द्वारा डीएलएम एप के माध्यम से गणना ब्लॉकों का डिजिटल ले आउट मेपिंग करके प्रगणकों द्वारा प्रत्येक भवनों, जनगणना मकानों तथा परिवारों की पहचान करते हुए जियो- टैग किया गया। उसके बाद एचएलओ एप के माध्यम से मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य का अवलोकन व निगरानी राज्य जनगणना निदेशालय से ज्वाईन डायरेक्टर अशोक मिश्रा, संतोष मेंढे द्वारा किया जा रहा है तथा डिप्टी कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी मनोज खांडे, अतिरिक्त तहसीलदार नीरज कुमार, मैदानी स्तर पर प्रगणकों व पर्यवेक्षकों से नियमित संपर्क कर कार्य की जानकारी लेते हुए उन्हें सहयोग कर रहे हैं।

# संविधान दिवस पर साइबर सुरक्षा जागरुकता पर अधारित कार्यशाला का आयोजन

## संविधान के उद्देशिका का किया गया सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर संविधान दिवस पर 26 नवंबर को जिला न्यायालय के सभाकक्ष विधिक जागरुकता पर आधारित साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में गुप्तेश आचार्य ने साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों और डिजिटल सुरक्षा के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक डिजिटल युग में फिशिंग, धोखाधड़ी, फ्रॉड, सोशल मीडिया खाते हैक होना, बैंकिंग जानकारी की चोरी, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसे साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचने के लिए जागरुकता ही सर्वोत्तम रक्षा है। अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें। ओटीपी एवं पिन या पासवर्ड और बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें। केवल सत्यापित और आधिकारिक ऐप एवं वेबसाइट का प्रयोग करें। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करें। इस प्रकार भारतीय स्टेट बैंक महासमुंद ब्रॉच के हेड मैनेजर प्रवीण जैन द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के लिए अपनाए जा रहे उपायों तथा ग्राहकों को सुरक्षित लेन-देन के लिए जागरूक करने के बैंक के प्रयासों के बारे में बताया गया। मंच संचालन लीगल एड डिफेंस कौसिल सिस्टम के डिप्टी सलीम कुरैशी ने किया।



प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा अपने उद्बोधन में संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए संविधान की महत्ता को बताते हुए कहा कि 26 नवबंर 1949 का दिन बेहद यादगार और ऐतिहासिक था। यह वह दिन था जब भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था और भारत ने संविधान को अपनाया था। यह देश का सर्वोच्च कानून है, जो एक लोकतांत्रिक ढ़ांचा स्थापित करता है। नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान करता है और सरकार के अंगों के बीच शक्तियों का संतुलन सुनिश्चित करता है तथा सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है एवं राष्ट्रीय एकता बनाए रखता है। नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा, समाज में न्याय, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) मोनिका जायसवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, लीगल एड डिफेंस कौसिल सिस्टम के चीफ अरूण पटेल सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण, एलएडीसीएस के अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण एवं विभिन्न आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्र

# डॉ अंबेडकर भारत के संविधान के जनक : प्राची

## महाविद्यालय में संविधान दिवस का हुआ आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान परिषद तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्राची गुप्ता विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, अध्यक्षता यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. झरना साव एवं नरेश कुमार जगत मंचासीन थे।

सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्बोधन की कड़ी में यूके बरिहा ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। किसी भी देश की शासन व्यवस्था एवं नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए संविधान का होना आवश्यक है,जिससे व्यक्ति के मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य का पालन करने पर जोर दिया जाता है। भारतीय संविधान के निर्माण में जनजाति समुदाय का भी बहुत बड़ा योगदान था। उन्होंने अपनी समाज की मांगों और आवश्यकताओं को संविधान सभा में प्रमुखता से रखें और उनके हित के लिए कई प्रकार का प्रावधान किया गया। डॉ झरना साव ने भारतीय संविधान के ऐतिहासिक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित और निर्मित संविधान है, उसके प्रत्येक अनुच्छेद में व्यापक चर्चा होने के बाद ही उसको संविधान में शामिल किया गया है। भारतीय संविधान की सबसे अच्छी विशेषता है कि संविधान वाद को भी जोड़ा गया है। सरकार एवं प्रत्येक व्यक्ति मर्यादित आचरण का पालन करते हुए संविधान के प्रत्येक अधिकारों का प्रयोग करें। कोई भी सरकार संविधान के अनुच्छेदों का दुरुपयोग ना कर सके, इसीलिए संविधान वाद के आधार पर कार्य किया जाता है। अतिथि व्याख्याता नरेश कुमार जगत ने संविधान के प्रारंभिक स्रोत से लेकर वर्तमान में संविधान संशोधनों को क्रमबद्ध तरीके से बताया तथा संविधान उस देश की आत्मा होती है, जिसके प्रस्तावना में सारे लक्षणों को निर्धारित कर लिया जाता है। हमारा भारतीय संविधान इस स्वरूप में अपने महान आदर्श एवं सिद्धांतों के प्रति कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नेहरू रिपोर्ट में पूर्ण स्वाधीनता की मांग की गई थी, इसे अंग्रेजों ने पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया था। मुख्य अतिथि प्राची गुप्ता ने कहा कि संविधान के उद्देश्य में सरकार और व्यक्ति के मान और गरिमा को महत्व दिया गया है। डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था, जिनके साथ कई प्रकार के भेदभाव किए जाते थे। उन्होंने उन परिस्थिति से लड़कर सामाजिक और आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। आज प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता समानता बंधुता और सामाजिक न्याय की भावना बलवती होती है। डॉ अंबेडकर के दूरदर्शिता के कारण भारत का संविधान अपने महानतम उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। सारी समस्याएं एवं व्यक्ति के अधिकारों का समाधान संविधान में निहित है। संविधान के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति की गरिमा और पद प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए महिलाओं के साथ पुरुषों को भी बराबरी का दर्जा दिया गया है। डॉक्टर अंबेडकर भारत के संविधान के जनक है, जिनकी ख्याति विश्व के अनेक देशों में फैली हुई है और अपनी काबिलियत और योग्यता के बल पर महान संविधान की रचना की। निश्चित रूप से संविधान में देश की एकता को बनाए रखने में बहुत बड़ा योगदान है।

**खबर संक्षेप**



## संविधान दिवस को राष्ट्रीय पर्व घोषित हो

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सर्व अनुसूचित जाति जिला इकाई की ओर से रेखराज बघेल जिलाध्यक्ष एवं भारतीय बौद्ध महासभा महासमुंद के पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति में 26 नवंबर भारतीय संविधान दिवस पर नगर के हृदय स्थल में स्थित अंबेडकर चौक में संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वचन किया गया। तत्पश्चात रेखराज बघेल जिलाध्यक्ष, हीरा बंजारे, तुलेंद्र सागर, विजय बंजारे, दिनेश बंजारे, खोशील जेंड्रे ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए संविधान को अंगीकार कर संवैधानिक नियमों का पालन कर संरक्षित करने अपनी वचन बद्धता दोहराया। साथ ही सामूहिक रूप से 26 नवंबर को भी राष्ट्रीय पर्व के रूप घोषित करने शासन प्रशासन से मांग किए जाने का प्रस्ताव भी रखें। अंत में भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से बीपी मेश्राम ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि संविधान को अक्षुण बनाए रखने, उसे संरक्षित करने में हम सभी की अहम भूमिका होनी चाहिए। अंत में 26 नवंबर को मुंबई में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों की शहादत को नमन करते हुए मौन श्रद्धांजलि देते हुए सभा का समापन किया गया। संचालन राजेश रात्रे ने किया। इस अवसर पर सर्व अजा समाज के संरक्षक तुलेंद्र सागर, विजय बंजारे, सलाहकार दिनेश बंजारे, बीपी मेश्राम, विधि सलाहकार नंदकुमार जोगी, जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल, हीरा बंजारे, खोशिल गेंड्रे, राजेश रात्रे आदि मौजूद रहे।

**चर्चा : सेन समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने हुई बैठक**

# 'संगठित समाज का ही हर स्तर पर होता है मूल्यांकन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन इन दिनों समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने प्रदेशभर में लगातार दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे जिले के प्रवास पर रहे। यहां पिथौरा में आयोजित बैठक में उन्होंने सामाजिक सदस्यों से कहा कि संगठित समाज का ही हर स्तर पर मूल्यांकन होता है। इसलिए सेन समाज को भी एक बैनर तले आकर एकजुट होने की आवश्यकता है, तभी हम अपने अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ सकते हैं।



अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान प्रांताध्यक्ष सबसे पहले नयापारा राजिम पहुंचे, जहां बस स्टैंड के पास समाज के प्रतिनिधियों ने भेंटकर उनका स्वागत किया। चाय पर आयोजित चर्चा में सामाजिक उत्थान और संगठन को लेकर सार्थक संवाद हुआ। प्रतिनिधियों ने जल्द ही नयापारा राजिम में सर्व सेन समाज छत्तीसगढ़ के बैनर तले संगठित होने की दिशा में पहल करने का भरोसा दिया। इसके बाद प्रांताध्यक्ष दोपहर में पिथौरा पहुंचे, जहां पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सांस्कृतिक भवन में सामाजिक सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में जिलाध्यक्ष नरेंद्र सेन, फुलझर नाई सेन समाज के संस्थापक जय कृष्ण बारीक और सुरेश नरेड़िया ने जिले में सेन समाज की स्थिति, उसके पिछड़ेपन और संगठन को सुदृढ़ बनाने आवश्यक प्रयासों पर प्रकाश डाला।

प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद से वे लगातार पूरे प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। उद्देश्य है कि सेन समाज छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज (पंजीयन 82) के बैनर तले एकजुट होकर अपनी सामाजिक व राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का मूल्यांकन सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर तभी होता है जब वह समाज संगठित और मजबूत हो। छोटी सोच और फिरकावाद से ऊपर उठकर हमें एकजुट होना होगा। तभी हम आवाज से आवाज और कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकेंगे। बैठक में धमतरी जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन, रायपुर संभाग अध्यक्ष खिलावन श्रीवास, प्रदेश प्रतिनिधि रामगोपाल सेन और तुकाराम सेन ने भी संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और एकता को समाज विकास की आवश्यक शर्त बताया।

बैठक में अमर वास, रवि सेन, सुरेश नरेड़िया, परमेश्वर सेन, विद्याधर वास, सूर्यभानु बारीक, शौरीलाल ठाकुर, बृजमोहन बारीक, यमुना सेन, रामाधार बारीक, घनाराम वास, तुलसी राम सेन, टीकम सेन, संतोष कुमार, सुरेंद्र बारिक, संतोष बारिक सहित पिथौरा, सरायपाली, बसना, बागबाहरा, सांकरा क्षेत्र के सेन समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पिथौरा से रामलला दर्शन के लिए तीर्थ यात्री रवाना

## राज्य सरकार की पहल से मिल रहा अयोध्या धाम दर्शन का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों के दल को पिथौरा जनपद पंचायत परिसर से हरी झंडी दिखाकर भव्य रूप से रवाना किया गया। परिसर में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित यह योजना आमजन को धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। सरकार द्वारा निःशुल्क सुविधाओं, सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था और तीर्थस्थलों पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाने से समाज के उन वर्गों को भी दर्शन-पूजन का



अवसर मिल रहा है, जिनके लिए ऐसी दूरस्थ यात्राएं पहले कठिन थीं। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही यह पहल आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक एकता को और मजबूत करती है। तीर्थयात्रियों ने भी प्रस्थान से पूर्व योजना के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। यात्रियों का कहना था कि शासन की इस पहल ने उन्हें जीवन में पहली बार अयोध्या धाम जाकर रामलला के दर्शन करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने यात्रा के उत्कृष्ट प्रबंधों की सराहना की और कहा कि यह योजना वास्तव में जनकल्याण और जनभावनाओं को सम्मान देने का उत्तम उदाहरण है।

जनपद पंचायत परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल में यात्रियों को विदा किया गया। तीर्थयात्रियों का यह दल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अयोध्या धाम पहुंचेगा, जहाँ रामलला के दर्शन-पूजन की व्यवस्था राज्य सरकार के सहयोग से सुनिश्चित की गई है।

## राटापाली में मितानिनों का किया गया सम्मान



**नर्रा।** ग्राम पंचायत राटापाली में मितानिन दिवस पर मितानिनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने मितानिनों का सम्मान शाल व श्रीफल देकर किया गया। इस दौरान उपसरपंच एकता पटेल, डॉ डिगेंद्र परमार समेत अनेक मितानिन उपस्थित रहे।

# विधायक ने आगे बढ़ने के लिए शिक्षा पर दिया जोर

## गड़बेडा में चक्र पूजा में शामिल हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम गड़बेड़ा में कुंभकार समाज द्वारा आयोजित चक्र पूजा कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान विधायक यादव ने समाज में शिक्षा पर जोर दिया।

ग्राम गड़बेड़ा में कुंभकार समाज द्वारा चक्र पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश थे। पूजा अर्चना पश्चात विधायक यादव ने कार्यक्रम का शुभांरभ किया। विधायक यादव ने



अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा वह आधार है, जिस पर एक मजबूत, संवेदी और सुदृढ़ समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि सही दिशा, सही सोच और सकारात्मक समाज का आधार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थियों को केवल पुस्तक आधारित ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुखराम प्रजापति, पदुम प्रजापति, दाउलाल राणा, रामनाथ चक्रधारी, थानसिंह चक्रधारी, परशु प्रजापति, नीरज राणा, परमेश्वर चक्रधारी, रामनारायण चक्रधारी, सनथ राणा, महेत्तर प्रजापति, उद्धवलाल प्रजापति, दामोदर चक्रधारी, ईश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# मितानिनें गांव की स्वास्थ्य सुरक्षा की असली पहरेदार : प्रकाश

## जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा ने ग्राम अंकोरी में मितानिन दिवस पर 12 गाँवों की मितानिनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय अंकोरी में मितानिन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में 5 पंचायतों के 12 गांवों की मितानिन बहनों को साल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश सिन्हा सभापति एवं जनपद सदस्य, अंकोरी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत बसना के सीईओ पीयूष ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकोरी के सरपंच मिश्रा दीप, देवरी सरपंच सुरेश कोसरिया, चिमरकेल सरपंच प्रसन्न कुमार डड़सेना, पलसापाली (अ) की सरपंच हेमकुमारी, ठाकुरपाली की सरपंच संगीता बरिहा, करारोपण अधिकारी रूपसिंह सिदार सीएचओ पुष्पलता बिसरा, आरके दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। अंकोरी सरपंच मिश्रा द्वीप ने सभी अतिथियों का स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता हीरालाल साव ने किया। मुख्य



अतिथि प्रकाश सिन्हा ने कहा कि मितानिन ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि प्रसूति सेवाओं से लेकर टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन से लेकर प्राथमिक उपचार तक हर चुनौती में मितानिन सदैव तत्पर रहती हैं। उन्होंने मितानिनों के समर्पण को जनसेवा का सर्वोच्च उदाहरण बताते हुए विश्वास दिलाया कि उनके हितों के लिए वह निरंतर कार्य करते रहेंगे। सीईओ पीयूष ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सफलता का सबसे मजबूत आधार मितानिनें हैं। इनके परिश्रम से ही सरकारी योजनाएं गांव-गांव तक प्रभावी रूप से पहुंचती हैं। उन्होंने विभागीय स्तर पर मितानिनों को हर संभव सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंचों व अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी मितानिनों के कार्यों की सराहना की और उन्हें ग्राम समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। अंकोरी पंचायत अंतर्गत विमला बंजारा, जसोवंती, पद्मिनी दीप (मितानिन प्रशिक्षिका), प्रेम कुमारी बारीक, रजनी सेठ, रानू साव, रश्मि दीप, देवमोती डड़सेना, निरुपमा दीप, विनोद पांडे, पलसापाली पंचायत से बिलासानी भोई, जज्ञासिनी चौहान, पुष्पलता साहू, ठाकुरपाली पंचायत से सौभागिनी प्रधान, रीना, सेतकुमारी, चिमरकेल पंचायत से पद्मिनी डड़सेना, भूमिका डड़सेना, गणेशी सिदार देवरी पंचायत से तपस्या डड़सेना, चंपाबाई, गीता सिदार समेत पंचायत सचिव अंबिका साव का भी साल व श्रीफल से आत्मीय रूप से सम्मान किया गया।



## बाल मेला का आयोजन, बच्चों ने लगाए स्टाल

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक शाला खट्टी में संयुक्त रुप से शाला परिवार के बच्चों द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में बाल मेला का आयोजन किया गया। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला को चार समूहों में बांटा गया। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई समूह, रानी दुर्गावती समूह, शहीद रुक्मणि बाई समूह तथा दयावती दीवान समूह कार्यरत हैं। बाल मेला सामग्री आपूर्ति का दायित्व वरिष्ठ शिक्षक सिराज बक्स को सौंपा गया।



## झलप में मनाया गया मितानिन दिवस

**झलप।** ग्राम पंचायत झलप में मितानिन दिवस मनाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व मितानिन का श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजस्व विभाग व वरिष्ठ पंच शम्मी सलूजा, ग्राम पंचायत झलप सरपंच राकेश साहू, भाजपा बूथ अध्यक्ष संतोष पंडा, बोधनी देवांगन, मनीषा श्रीवास्तव, मीना साहू, कृष्णा आवडे, रामोतीन मार्कंडेय, ममता गुप्ता, मिथलेश ध्रुव, गंगा पटेल, पदमनी साहू, केसरी सोनी, नागेश्वरी यादव, सत्या चंद्राकर, रानी पाटकर, शालनी सिंग सहित उपस्थित रहे।



## झलमला में निजी डबरी निर्माण कार्य प्रारंभ

**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत राटापाली के आश्रित ग्राम झलमला के रैनसिंग निषाद के निजी डबरी निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है। लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए रोजगार गारंटी योजना के तहत डबरी निर्माण कार्य प्रारंभ विधिवत पूजा अर्चन कर सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने किया। इस दौरान पंचायत सचिव घनश्याम दीवान ने मनरेगा के श्रमिकों को बताया कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इस दिन 1949 को ही भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। इसलिए इस दिन नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी, सचिव घनश्याम दीवान, पंच प्रतिनिधि धनराज निषाद, रोजगार सहायक डिलेश्वरी पटेल एवं मनरेगा श्रमिक मजदूर उपस्थित रहे। मजदूर मनरेगा कार्य के दौरान संविधान की शपथ ली।

## कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस संविधान के प्रस्तावना का किया पाठ



**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन पर राजनीति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई सहित महाविद्यालय परिवार ने 26 नवंबर को भारतीय संविधान निर्माण के 76वीं वर्षगांठ संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान के निर्माता और देश के पहले क़ानून मंत्री भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा संविधान के प्रस्तावना का पठन किया किया गया। ग़ौरतलब है कि भारत वर्ष में प्रत्येक साल 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 1949 ई. में आज ही के दिन संविधान को अपनाया गया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को भारत में लागू किया गया। संविधान को अंगीकृत किए जाने की याद में प्रत्येक वर्ष देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। भारत का संविधान वह गंगोत्री है जिससे निकलने वाले विभिन्न धाराएं, अनुच्छेद, अनुसूची, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्त्तव्य प्रत्येक भारतीयों के आत्मा को छूती है। भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। पिछले 76 वर्षों में, इसने राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का पथप्रदर्शन किया है। न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व, एकता और अखंडता को सुनिश्चित किया है, जो भारत के शासन के मूल हैं। इन मूल्यों को हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी, विज्ञान संकाय प्रमुख व विभागाध्यक्ष बॉटनी डॉ. ईपी चेलक, वाणिज्य संकाय प्रमुख अजय कुमार राजा, डॉ. दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, केशर चंद्र बनपाल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, दिलीप बढ़ाई विभागाध्यक्ष भूगोल, डॉ जीवन चंद्राकर, डॉ जागृति चंद्राकर, विजय कुमार मिर्चे सहित महाविद्यालय परिवार के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिषद ने मनाया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने की 76वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की महासमुंद जिला इकाई द्वारा जिला सत्र न्यायालय सभागार में महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का केंद्रीय विषय मौलिक कर्तव्यः विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला था। इस आयोजन ने न्यायिक और कानूनी समुदाय को राष्ट्रीय संवैधानिक चेतना के उत्थान के लिए एक मंच प्रदान किया। यह उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता परिषद द्वारा पिछले 15 से अधिक वर्षों से निरंतर श्रद्धा, अनुशासन और संवैधानिक मूल्यों को स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत अत्यंत गरिमापूर्ण तरीके से की गई। भारतीय संविधान और संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें वंदन किया गया। तत्पश्चात, राष्ट्र प्रेम की भावना को समर्पित वंदे मातरम गीत का सामूहिक वंदन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीता डहरिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा मौजूद रहे। अन्य सम्मानित अतिथियों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र राठौड़ तथा अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी शामिल रहे। राठौड़ ने कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में संविधान की जानकारी को विशेष रूप से तीन बिंदुओं पर प्रकाश डाला। संविधान का निष्ठापूर्वक पालन, राष्ट्र की सरकारी संपत्ति की रक्षा और देश के नागरिकों का कर्तव्य कि वे एक ज़िम्मेदार समाज का निर्माण करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं और नागरिकों से अपील की कि वे संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाएं और उन्हें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा



अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि नागरिक अपने मौलिक अधिकार और कर्तव्यों के बीच के संतुलन को समझें और दोनों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें। उन्होंने संवैधानिक ज्ञान को राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अपरिहार्य बताया।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीता डहरिया ने मौलिक कर्तव्यों के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने बनाएं, क्योंकि कर्तव्य-परायण नागरिक ही एक सभ्य और मजबूत न्याय व्यवस्था को संभव बनाते हैं। मुख्य अतिथि अनिल शर्मा ने स्पष्ट किया कि केवल मौलिक अधिकारों की मांग करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मौलिक कर्तव्यों का निर्वहन करना भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त सभी लाभ और सुरक्षा तभी सार्थक होते हैं, जब नागरिक राष्ट्र निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।

अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी ने अपने विचार रखते हुए इस बात पर जोर दिया कि मौलिक कर्तव्य और मौलिक अधिकार वास्तव में एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने आह्वान किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन दृढ़ संकल्प के साथ करना चाहिए। क्योंकि, यह केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति नैतिक दायित्व भी है। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सरदार सुमित सिंह ढिल्लो एवं आभार प्रदर्शन अधिवक्ता शशांक तिवारी ने किया।

इस अवसर पर महासमुंद क्षेत्र के कई महत्त्वपूर्ण न्यायिक अधिकारी शामिल हुए, जिनमें न्यायाधीशगण संघ पुष्पा भतप्रहरी, आनंद बोरकर, मोनिका जायसवाल, सीजीएम ठाकुर और अधिवक्तागण भरत कसार, प्रलय थिटे, संजय गिरी, ओम शुक्ला, खगेश्वर पटेल, सुरेश चंद्राकर, वैशाली देवांगन, राजू पटेल, धर्मेंद्र डड़सेना, नूतन साहू, तेजेंद्र चंद्राकर, ऋषि शर्मा, कुंजलाल सिन्हा, अरुण पटेल, संजीव पंडा, सुरेंद्र चावला, प्रवीण झा, विनोद शर्मा, सलीम कुरैशी उपस्थित रहे।

### आयोजन : मिडिल स्कूल कसहीबाहरा में मनाया गया संविधान दिवस

# एकता का संदेश देने के लिए उद्देशिका का कराया गया सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में संविधान दिवस मनाया गया। प्रार्थना सभा के पश्चात अतिथि शिक्षक भगतराम पटेल द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षक व विद्यार्थियों को संविधान की उद्देशिका का शपथ दिलाई गई। इस दरमियान भगतराम पटेल ने बच्चों को भारतीय संविधान के महत्व, उसके मूल्यों तथा नागरिक कर्तव्यों की जानकारी दी।

संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने संविधान दिवस मनाने के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। ज्ञात हो कि 26 नवंबर 1949 को डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान को राष्ट्र को समर्पित किया था। विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार पटेल ने संविधान निर्माताओं के योगदान, लोकतांत्रिक व्यवस्था की विशेषताएं तथा मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला तथा बच्चों से संविधान को लेकर सवाल-जवाब किए।




संविधान दिवस पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य रेखाचित्र के माध्यम से चित्रकला व सुलेख प्रतियोगित का आयोजन किया गया था। चित्रकला में प्रथम अनुज कुमार सेन व द्वितीय कार्तिक राम दीवान रहे। वहीं सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुलदीप पटेल तथा द्वितीय स्थान अनामिका दीवान को मिला। इन सभी चयनित स्कूली बच्चों को ड्राइंग बुक व कलर सेट उपहार स्वरूप दिया गया। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि इन चयनित विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षक घनश्याम ठाकुर व तबस्सुम शेख की महती भूमिका रही।

# खुटेरी में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम खुटेरी के विद्यालय प्रांगण में तालुका विधिक सेवा समिति पिथौरा द्वारा विधिक साक्षरता शिविर एवं संविधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ बारा व्यवहार न्यायालय पिथौरा के साथ-साथ विशेष अतिथि के रूप में अधिवक्तागण मुरली प्रधान एवं अमन अग्रवाल सरपंच सुशीला मांझी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश ध्रुव, प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल, सचिव दीपिका पटेल, पंच भोजकुमारी पटेल, पालक सदस्य दशरथ साहू उपस्थित रहे। सम्बोधन में अधिवक्ता मुरली प्रधान ने बताया कि जैसे हम दैनिक जीवन एक व्यवस्थित दिनचर्या का पालन करते हैं वैसे ही देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए संविधान की रचना की गई। हमारे संविधान में भूल से भी की गई गलती क्षम्य नहीं है, जो हमें सावधान करता है कि हम एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें। अपने मुख्य आतिथ्य



उद्बोधन में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने भारतीय संविधान की विशेषता बताते हुए कहा कि हमारा संविधान भारत के प्रत्येक नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के लिए व्यवस्था देता है। साथ ही दूसरे के अधिकारों का हनन भी न हो, इसकी व्यवस्था है। इन चर्चाओं के साथ-साथ डोलामणी साहू प्राथमिक विद्यालय खुटेरी ने संविधान दिवस पर उपस्थित जनसमूह व विद्यार्थियों और शिक्षकों के संग संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिकार मित्र राजकुमार पटेल, पिथौरा, धनञ्जय पटेल अधिकार मित्र बागबाहरा, चूड़ामणि भोई आरक्षक, विश्वनाथ माँझी, कुमुदिनी बरिहा, अनिता बरिहा, अभिनंदन नाग, नरसिंग पटेल, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, नोहर, संतोष, लेखराम, लक्ष्मी आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस उपयोगी और जनता को जागरूक बनाने के लिए किए गए आयोजन में सारगर्भित बात रखने के लिए सरपंच ने अतिथियों का आभार माना।



## खरोरा में मनाया गया संविधान दिवस

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्या मंदिर में संविधान दिवस मनाया गया। हर साल 26 नवंबर को भारत देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। यह दिन इसलिए खास है, क्योंकि 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। संविधान दिवस को लागू किया था। भारत सरकार ने नागरिकों में संविधान के महत्व और मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से घोषित किया इस दौरान उपस्थित ज्ञान गंगा विघामदिर के शिक्षक नीलम कोसरे, लता चंद्राकर, झरना पटेल, मनीषा चंद्राकर, हिना चंद्राकर, रूखमणी सारथी, ललिता धीवर आद मौजूद रहे।



## संविधान दिवस पर बच्चों को दिलाई शपथ

**अरंड (पिथौरा)**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरगांव में संविधान दिवस पर सभी बच्चों को संविधान के उद्देशिका का वाचन करवाया गया और शपथ दिलाई गई। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक कौतुक पटेल ने अपने जन्म दिन पर विद्यालय के सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री कॉपी पेन प्रदान किया व न्योता भोज भी कराया। इस अवसर पर प्रधान पाठक ऋतुराज देवांगन, भारती देव ठाकुर, संजय खांडे, मुन्ना साहू आदि उपस्थित थे।



## चिरको कॉलेज में संविधान दिवस पर हुई क्विज प्रतियोगिता

**महासमुंद**। शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में प्राचार्य एचएल दीवान के मार्गदर्शन में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया। अतिथि स्वागत के पश्चात क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में टेकलाल,चमनलाल, डोलेश, दामिनी, टेमिन, नूतन जितेश्वरी, अंजलि, मालती, सविता इत्यादि छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्रा सरस्वती पटेल बीए तृतीय वर्ष ने संविधान दिवस पर अपना विचार व्यक्त किया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने भारतीय संविधान का गठन, आवश्यकता, विभिन्न प्रावधानों, मौलिक अधिकार के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान किया। सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने संविधान के भाग, अनुसूची, मूल कर्तव्य के बारे में विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में एमएस वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर ने किया।



## जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ आयोजन

**महासमुंद**। जिला पंचायत के सभा कक्ष में संविधान दिवस समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य जगमोती भोई, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भारत माता के छायाचित्र में माल्यार्पण और पूजन कर किया गया। संविधान दिवस में प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। सभा कक्ष में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में प्रस्तावना का पाठ कर संकल्प दोहराया कि वे संविधान में निहित मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सामाजिक जीवन में धारण करेंगे। इस अवसर पर संविधान दिवस पर आधारित एक विशेष वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं संविधान से जुड़े महान विभूतियों की भूमिका और भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली की विशेषताओं को दर्शाया गया।



## कछारडीह में मनाया गया संविधान दिवस

**झलप**। ग्राम पंचायत कछारडीह में सरपंच संघ के अध्यक्ष और कछारडीह के सरपंच दिनेश्वर साहू की उपस्थिति में मितानिन दिवस और संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के सभी पंच एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में मितानिनों को सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई। साथ ही संविधान दिवस पर हर नागरिकों को संविधान के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें शपथ दिलाई गई।

# संविधान केवल देश का सर्वोच्च दस्तावेज ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्माः रश्मि

### संविधान दिवस पर कांग्रेस भवन में विचार-विमर्श एवं आंबेडकर चौक में हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संविधान दिवस पर स्थानीय कांग्रेस भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संविधान के महत्व, उसकी बुनियादी भावना तथा राष्ट्र निर्माण में उसकी अनिवार्यता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि संविधान केवल देश का सर्वोच्च दस्तावेज ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है, जो प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य निभाने की प्रेरणा भी देता है। शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने यह उल्लेख किया कि भारतीय संविधान विश्व के सर्वाधिक विस्तृत एवं सशक्त संविधानों में एक है, जिसने समता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित एक प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रखी। उन्होंने कहा कि संविधान ने भारत को दिशा, संरचना और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का वह ढांचा दिया, जिसने देश को विविधता के बीच एकता के सूत्र में बांधकर आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने संविधान निर्माता भारत रत्न, महामानव डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में आंबेडकर चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके योगदान को नमन किया। इस दौरान डॉ. आंबेडकर द्वारा प्रदत्त सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया। सभी ने संविधान की मूल भावना को संरक्षित रखने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।




कार्यक्रम में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर जिला वनोपज अध्यक्ष, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, मनोजकांत साहू, सोमेश दवे, राजेश जैन, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, तुलसी साहू, अक्षय सकारकर, डॉ.सैयद एजाज नकवी, देवेश शर्मा, तुलसी साहू, शकील खान, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल जिलाध्यक्ष, तबरेज खान, टोमन सिंह कागजी, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेके, बसंत चंद्राकर, तुलसी देवदास, भानू सोनी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ, एवं नागरिक उपस्थित रहे।



## संविधान दिवस पर देवरी स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**महासमुंद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में संविधान दिवस पर संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि संविधान निर्मात्री सभा के सदस्यों द्वारा भीम राव अंबेडकर के मार्गदर्शन में सुवरमाल परिक्षेत्र से जमींदार ठाकुर भानुप्रताप सिंह का भी योगदान संविधान निर्माण में था। वरिष्ठ व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि भारत का संविधान विगत 75 वर्षों से आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उसके निर्माण के समय में था। आज देश में कानून का शासन स्थापित है, सिर्फ और सिर्फ संविधान के बदौलत। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस मौके पर विद्यालय में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में संगीता पटेल, सुनीता ठाकुर, होमिका, कामनी, योगेश्वरी साहू, जान्हवी साहू, आयुषी साहू, भूमिका साहू, सौरभ पटेल, रूपेश साहू, भीखम दीवान, यशवंत पटेल, डिगल ने भाग लेकर अपने अपने विचार रखें। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, रवि प्रकाश पात्रे, बी एल टंडन, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सवित्रीपुर विद्यालय में मनाया गया प्रेरक संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सवित्रीपुर में 26 नवंबर को संविधान दिवस उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना व देशभक्ति गीत से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, संविधान का महत्व बताने वाले संक्षिप्त भाषण, रोचक लघु-नाटिका तथा संविधान दिवस शपथ के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात किया।

विद्यार्थियों को संविधान के चार मूल आधार न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सरल उदाहरणों और गतिविधियों द्वारा समझाया गया।'हम, भारत के लोग' की भावना का विस्तृत अर्थ बताते हुए प्रस्तावना को राष्ट्र की आत्मा के रूप में समझाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पी सिदार ने कहा कि संविधान दिवस विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ




विकसित करने का श्रेष्ठ और आवश्यक माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावना वाचन और शपथ ने बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया है। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को अधिकारों, कर्तव्यों और राष्ट्रभावना के प्रति अधिक जागरूक बनाती हैं। मिडिल स्कूल प्रभारी एसएल पटेल ने संविधान में निहित समानता, न्याय और कर्तव्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि देश तभी प्रगति करता है जब उसके नागरिक नियमों का पालन करते हैं और अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाते हैं।

प्राइमरी स्कूल प्रधानपाठक महेंद्र तांडी ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तावना से लेकर शपथ तक बच्चों ने संविधान की मूल भावना को जिस गंभीरता से अपनाया, वह भविष्य में उन्हें जागरूक व जिम्मेदार नागरिक बनाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन बीडी साहू एवं निर्मल साहू सर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक हुआ। दोनों शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने अनुशासन, प्रस्तुति और सहभागिता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने संविधान-सम्मान, राष्ट्र-हित और कर्तव्य पालन का संकल्प दोहराते हुए जोशीले स्वर में "जय हिंद" का उद्घोष किया।

## शांत्रीबाई महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस, विविध प्रतियोगिता भी हुई

**महासमुंद**। शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता व व्याख्यान का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में छग चंद्रनाहूं शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चन्द्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, संचालक सदस्य योगेश चंद्राकर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती व भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा भाषण व व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। संविधान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने कहा कि हमारा संविधान प्रत्येक व्यक्ति को बराबरी का दर्जा देना है। कानून संविधान के अनुपालन हमारे तमाम राजनैतिक दल वैचारिक मतभेद के बावजूद करते है। यह संविधान की श्रेष्ठता को साबित करता है। उन्होंने एक राष्ट्र एक मतदान को भारत के लिए जरुरी बताया। ताकि भारत को चुनावों में होने वाला आर्थिक नुकसान न हो। प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर द्वारा महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन कर भारतीय संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर ने संविधान दिवस मानने के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हर साल संविधान दिवस पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। संविधान दिवस पर सार्वजनिक स्थानों पर संविधान के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन लोगों को संविधान के महत्व को समझाने के लिए व्याख्यान, सेमिनार, क्विज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, लेख प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और रैलियों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेन्द्र चंद्राकर, लुकेश साहू, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, रेशम लाल साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद श्रीवास, नरेंद्र तांण्डी, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनपद में संविधान दिवस पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ली कर्तव्य और एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

26 नवंबर संविधान दिवस पर

- जनपद सभागार में संविधान दिवस का आयोजन

स्थानीय जनपद सभागार में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं जनपद सदस्य बड़ी संख्या में सभागार में एकत्रित हुए। कार्यक्रम में सभी ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए संदेश का सामूहिक श्रवण किया।

राष्ट्रपति के संदेश में संविधान की मूल भावना- न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व को आत्मसात करने तथा राष्ट्र निर्माण में संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने की अपील की गई। संदेश के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने संविधान की शपथ लेकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जनपद सदस्य संजू कला सुशील भोई, शैलेंद्री ध्रुव उपस्थित थे। इसके अवाला जनपद सीईओ रोहिदास पारेश्वर, वरिष्ठ आंतरिक करारोपण अधिकारी सुशील कुमार चौधरी, उमेश दीक्षित, हेमंत डड़सेना, दिनेश दीक्षित, जसवंत सिंह पैकरा, पुनीत सिन्हा, अजय पटेल, तेजन साहू, विजय निषाद, रेखा अग्रवाल,ज्योति सेन, फुलेश्वरी ध्रुव, केशव पटेल सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और नागरिकों में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम समापन पर सीईओ जनपद पंचायत रोहिदास पारेश्वर ने संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व मंच संचालन करते हुए उमेश दीक्षित ने भी संविधान पर अपने अमूल्य विचार से अवगत कराया।



